खण्ड—क

(अपठित बोध) (केसस्टडी)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए—1 × 5 = 5

गंगा का हमारे देश के लिए बहुत अधिक महत्व है। गंगा नदी भारत के तीन राज्यों में से होकर गुजरती है। ये हैं—उत्तर प्रदेश, बिहार और बंगाल। भारत के इस मध्यम भाग को 'गंगा का मैदान' कहा जाता है। यह प्रदेश अत्यधिक उपजाऊ, सम्पन्न तथा हरा-भरा है जिसका श्रेय गंगा को ही है। इन राज्यों में कृषि-उपज से सम्बन्धित तथा कृषि पर आधारित अनेक उद्योग-धन्धे भी फैले हुए हैं जिनसे लाखों लोगों की जीविका तो चलती ही है, राष्ट्रीय आय में वृद्धि भी होती है। पेयजल भी गंगा तथा उसकी नहरों के माध्यम से ही प्राप्त होता है। यदि गंगा न होती तो हमारे देश का एक महत्वपूर्ण भाग बंजर तथा रेगिस्तान होता। इसलिए गंगा उत्तर भारत की सबसे पवित्र तथा महत्वपूर्ण नदी है। गंगा नदी भारतीय संस्कृति का भी अभिन्न अंग है। भारत के प्राचीन ग्रन्थों जैसे वेद, पुराण, महाभारत आदि में गंगा की पवित्रता का वर्णन है। भारत के अनेक तीर्थ गंगा के किनारे पर ही स्थित हैं।

(क) गंगा नदी भारत के जिन राज्यों से होकर बहती है, वे हैं— 1

(i) बंगाल और बिहार (ii) उत्तर प्रदेश तथा बिहार

(iii) उत्तर प्रदेश और बंगाल (iv) उत्तर प्रदेश, बिहार और बंगाल।

(ख) भारत के मध्य भाग को कहा जाता है— 1

(i) भारत का मैदान (ii) गंगा का मैदान

(iii) यमुना का मैदान (iv) वन प्रदेश का मैदान।

(ग) गंगा न होती तो परिणाम यह होता कि— 1

(i) सारा देश एक पहाड़ी क्षेत्र होता (ii) देश का कुछ भाग कम उपजाऊ होता

(iii) देश का महत्वपूर्ण भाग बंजर और रेगिस्तान होता (iv) सारा देश भूखा रह जाता।

(घ) गंगा की पवित्रता का वर्णन कहाँ मिलता है ? 1

(i) भारत के गाँवों में (ii) भारत के संविधान में

(iii) हिमालय की चोटियों पर (iv) भारत के वेद, पुराण आदि प्राचीन ग्रन्थों में।

(ङ) 'गंगा का मैदान' बहुत अधिक सम्पन्न, उपजाऊ तथा हरा-भरा इसलिए है क्योंकि ? 1

(i) यहाँ परिश्रमी लोग रहते हैं (ii) यहाँ कई उद्योग-धन्धे हैं

(iii) यहाँ गंगा से कृषि और उद्योगों की उन्नति हुई है (iv) यहाँ की भूमि अच्छी है।

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए